हड़ताल ▶ अनिशि्चतकालीन हड़ताल में शामिल हुईं सामाजिक कार्यकर्ता साधना उइके

# बैगा आदिवासी समाज के 25 बच्चों की मौत पर गंभीर चिंता

**नवभारत, बालाघाट** ।बालाघाट जिले में बैगा आदिवासी समाज के 25 बच्चों की असमय मौत के मामले पर सामाजिक कार्यकर्ता साधना उइके ने गहरी चिंता व्यक्त की है। बच्चों की मौत के कारणों की निष्पक्ष जाँच, प्रभावित परिवारों को न्याय और क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की माँग को लेकर चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल में आज साधना उइके बालाघाट पहुँचीं।



उन्होंने हड़ताल में शामिल होकर प्रभावित परिवारों एवं आंदोलनरत लोगों के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त की और कैंडल मार्च में शामिल होकर मृत बच्चों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

साधना उइके ने कहा कि बैगा समाज के बच्चों की मौत केवल एक आँकड़ा नहीं, बल्कि 25 परिवारों के जीवन का असहनीय दुख है। सरकार को इन मौतों के वास्तविक कारणों की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जाँच कराकर जिम्मेदारी तय करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति, दूषित पेयजल, सरकारी योजनाओं तथा बैगा समुदाय के विकास के लिए आवंटित निधियों के उपयोग की भी उच्च स्तरीय जाँच आवश्यक है।

साधना उइके ने सरकार से माँग की कि प्रत्येक मृतक बच्चे के परिवार को ?50-50 लाख की आर्थिक सहायता दी जाए। प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ एवं आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। बच्चों की मौत के वास्तविक कारणों की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जाँच कराई जाए। दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों एवं जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। प्रभावित बैगा परिवारों के लिए आवश्यक सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट कहा— बैगा बच्चों की मौत पर चुप नहीं बैठेंगे। न्याय चाहिए, जवाब चाहिए और दोषियों पर कार्रवाई चाहिए।

उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केवल बालाघाट के परिवारों की नहीं, बल्कि हर उस परिवार की है जो अपने बच्चों के सुरक्षित भविष्य और बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था का अधिकार चाहता है।

साधना उइके ने कहा कि जब तक प्रभावित परिवारों को न्याय और सरकार की ओर से ठोस कार्रवाई सुनिश्चित नहीं होती, तब तक इस मुद्दे को मजबूती से उठाया जाता रहेगा।

अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं कैंडल मार्च में नीरज बारीवा, रूपेश, अभय, आयोजन कार्यकर्ता मोहन मरकाम जी, सतेन्द्र इनवाती, सरद मरावी सहित प्रीति ,पीड़ित परिवार, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा एवं महिलाएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

आंदोलनकारियों ने मृत बच्चों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने, सरकार से जवाब लेने और दोषियों पर कार्रवाई की माँग को मजबूती से उठाया।

### एक सप्ताह का दिया अल्टीमेटम

साधना उइके ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर प्रभावित परिवारों की माँगों पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई और सरकार ने मामले में उचित कदम नहीं उठाया, तो भोपाल राजधानी में राज्य स्तरीय आंदोलन और प्रदर्शन किया जाएगा।

# आरक्षक भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी करने वाला गिरफ्तार

▶ कंप्यूटर हैक कर अभ्यर्थियों को कराया था पास, 10 हजार का घोषित था इनाम

**नवभारत, बालाघाट।** वारासिवनी पुलिस ने आरक्षक भर्ती परीक्षा में कंप्यूटर से छेड़छाड़ करने वाले को पकड़ा है। अभ्यर्थियों को गलत तरीके से पास कराने के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी विवेक शर्मा (29 वर्ष) तील साल से फरार था।

विवेक शिवपुरी जिले के सिहोरा थाना अंतर्गत चितहारी का रहने वाला है और उस पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस ने उसे कहां से पकड़ा है, इसकी जानकारी उजागर नहीं की है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि यह पूरा मामला सरदार पटेल यूनिवर्सिटी स्थित परीक्षा केंद्र में हुई आरक्षक भर्ती परीक्षा से जुड़ा हुआ है।

### मुख्य आरोपी फरार

इसके पश्चात सितंबर 2023 में ग्वालियर के हरीश उर्फ रोहित मुडोतिया और आगरा के मंजीत सिंह को भी गिरफ्तार किया गया था। पुलिस अब तक कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी



थी, वहीं मुख्य आरोपी विवेक शर्मा लगातार फरार चल रहा था।

### अनुचित तरीके से कराया था अभ्यर्थियों को पास

कर्मचारी चयन मंडल ने पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा-2023 का आयोजन 12 अगस्त से कराया था। इसी दौरान धोखाधड़ी सामने आने पर 18 अगस्त 2023 को केंद्र की पर्यवेक्षक सोनिया साहू ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। जांच के दौरान पता चला था कि कंप्यूटर सिस्टम को हैक करके अभ्यर्थियों को अनुचित तरीकों से परीक्षा में पास कराया जा रहा था।

▶ एक नजर में ◀

## 2 वर्षों से फरार वारंटी गिरफ्तार

**बालाघाट।** अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बैहर के मार्गदर्शन में रूपझर में स्थाई /गिफ्तारी वारंट तलाश पतासाजी हेतु निरीक्षक कामेश धुमकेति के नेतृत्व में पुलिस थाना रूपझर में टीम का गठन किया गया । जिनके प्रयासों से 02 वर्ष पुराना स्थाई वारन्टी अपराध क्र 130/2020 धारा 2(49),40,44,48,49 बी 51 वन्य प्राणी अधिनियम के वारन्टी देवलाल पिता नंदलाल मरावी जाती गोंड उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम पिपराही एवं 05 वर्ष पुराना गिरफ्तार वारन्टी अपराध क्र-166/2021 धारा 294 ड्ढ क्रष्ट वारन्टी शफीर पिता शेख रहीम जाती मुसलमान 31 वर्ष निवासी चिखलझोडी थाना रूपझर को विधिवत गिफ्तार कर माननीय न्यायालय बैहर पेश किया गया। इस कार्य में सफलता पूर्वक करने में सराहनीय भुमिका निरीक्षक कामेश धुमकेति सउनी जयदयाल पटले प्रधान आर-941 द्वारिका दुबे,689 देवेश तिवारी आर 659 उमेश मालवीय,1100 कृष्णकुमार विशेष सहयोगी दस्ता के कुलदीप ,राहुल, फिरोज मूलचंद रही ।

## पेट में चाकू मार कर ली खुदकुशी

**जबलपुर ।** घमापुर थाना अंतर्गत कांचघर निवासी एक बुजुर्ग ने पेट में चाकू से वार कर खुदकुशी कर ली । मृतक लंबे समय से पेट दर्द की बीमारी से त्रस्त था । पुलिस ने मर्ग कायम कर छानबीन शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक सोमवार दोपहर दीपक चौरसिया निवासी कांचघर नई बस्ती ने सूचना दी कि सुबह लगभग 9 बजे घर में सो रहा था मां ने उठाकर बताया कि पापा अपने कमरे में खुद से अपने पेट में घर की सब्जी काटने वाली चाकू मारकर मृत अवस्था में पड़े हैं उसने जाकर देखा पिता राजकुमार 73 वर्ष कमरे में पड़े थे पेट से खून निकला हुआ था खून लगा चाकू बाजू में पड़ा था उसके पापा काफी दिनों से पेट की बीमारी से परेशान थे जिनका 5-6 बार पेट का आपरेशन हो चुका है। संभवत: पिता ने पेट की बीमारी से परेशान होकर स्वयं चाकू मारकर आत्महत्या कर लिये हैं।

# 200 मीटर में स्वर्ण, 100 मीटर में रजत जीतकर प्रफुल ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

**नवभारत, परसवाड़ा।** ग्राम ठेमा के युवा एथलीट प्रफुल हरिनखेड़े ने जबलपुर के राइट टाउन स्टेडियम में आयोजित मध्यप्रदेश एथलेटिक्स मीट में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो पदक अपने नाम किए। मध्य प्रदेश एथलेटिक एसोसिएशन द्वारा 21 से 23 अगस्त तक आयोजित प्रतियोगिता के अंडर-23 आयु वर्ग में प्रफुल ने 200 मीटर दौड़ में 21.95 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं 100 मीटर दौड़ में 10.84 सेकंड के समय के साथ रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



प्रफुल की इस उपलब्धि से ग्राम ठेमा, परसवाड़ा सहित क्षेत्र में खुशी का माहौल है। प्रफुल के पिता श्यामकुमार हरिनखेड़े एवं बड़े पिता रामप्रसाद हरिनखेड़े ने उनकी सफलता पर खुशी जताई।

मध्यप्रदेश स्तर पर शानदार प्रदर्शन के बाद प्रफुल हरिनखेड़े का अगले माह राजस्थान के जयपुर में होने वाली राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए 100 मीटर और 200 मीटर दोनों स्पर्धाओं में चयन हुआ है। अब वे राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

प्रफुल की सफलता को उनके कठिन परिश्रम, नियमित अभ्यास और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम माना जा रहा है। क्षेत्रवासियों ने उम्मीद जताई है कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी प्रफुल शानदार प्रदर्शन कर मध्यप्रदेश, परसवाड़ा और पंवार समाज का नाम रोशन करेंगे।

# समाज सेवी रामेश्वर कटरे ने बैगा बस्तियों में वितरित की मच्छरदानी

**नवभारत, बैहर।** बैहर के दूरस्थ बैगा बाहुल्य वनांचल में सामाजिक कार्यकर्ता रामेश्वर कटरे का जनजागृति और सेवा अभियान लगातार जारी है। कुकड़ा, मछुरदा, धर्मशाला, मातला, कोरका, कुडेकशा, बोंदारी और कोहनीमोर जैसे दुर्गम गांवों तक पहुंचकर उन्होंने जरूरतमंद परिवारों से संवाद किया और स्वास्थ्य, स्वच्छता व शिक्षा के प्रति जागरूक किया।



अभियान के दौरान बच्चों को कपड़े, चरण पादुका, जबकि महिलाओं और जरूरतमंद परिवारों को मच्छरदानी, साबुन, निरमा व बुजुर्ग महिलाओ को साड़ी वितरित किए गए। कोरका में प्रसूता महिलाओं व दूधमुंहे बच्चों की माताओं को विशेष रूप से मच्छरदानियां उपलब्ध कराई गईं। कटरे ने ग्रामीणों से कहा कि किसी भी स्वास्थ्य समस्या को नजरअंदाज न करें और समय पर स्वास्थ्य विभाग की सेवाएं लें।

कुकड़ा में सामने आईं सड़क और दस्तावेजों की समस्याएं। ग्रामीणों ने चीनी-कुकड़ा मार्ग पर बारिश से हुए कटाव और पुलिया की समस्या बताई। कई परिवारों के पास आधार, समग्र आईडी और राशन कार्ड नहीं होने की बात भी सामने आई। कटरे ने एसडीएम से चर्चा कर शिविर के माध्यम से दस्तावेज बनवाने की पहल की। उनके द्वारा कोहनीमोर में घर-घर जाकर ग्रामीणों का हाल जाना और महिलाओं को मच्छरदानी, सोलह हाथ साड़ी, निरमा व साबुन वितरित किया।

# बीईओ कार्यालय की भर्राशाही से परेशान शिक्षक देंगे धरना

### कलेक्टर के निर्देश के बावजूद निलंबित बाबू को स्थापना से नहीं हटाया

**नवभारत, नैनपुर।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी नैनपुर के अंतर्गत आने वाले शिक्षकों को वर्षों से क्रमोन्नति एरियर का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में शिक्षकों द्वारा जनवरी 2025 से सहायक आयुक्त आदिवासी मंडला, कलेक्टर कार्यालय मंडला में आवेदन निवेदन किया गया, जिनके निर्देशों को दरकिनार करते हुए बीईओ कार्यालय नैनपुर द्वारा आज तक क्रमोन्नति, डीए, वेतन-वृद्धि एरियर का पूर्ण भुगतान नहीं किया गया है।



पिछले दिनों 6 अगस्त को संयुक्त मोर्चा नैनपुर के शिक्षकों ने इस संबंध में जिला कलेक्टर से मिलकर आवेदन पत्र सौंपकर एरियर भुगतान के लिए निवेदन किया। जिला कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने तुरंत बीईओ नैनपुर को फोन कर तीन दिन के अंदर बाबू अशोक यादव को स्थापना शाखा हटाकर शीघ्र सभी एरियर का भुगतान कराने का निर्देश दिया। जिसके परिपालन में अपने बचाव के लिए नैनपुर बीईओ द्वारा 5 अगस्त की तिथि में पत्र निकालकर 13 अगस्त को कार्यालय के समस्त बाबुओं को शाखा का बंटवारा करके यादव को दिखावे के लिए लिखित रूप से स्थापना से हटा दिया। लेकिन आज दिनांक तक स्थापना का पूरा काम यादव बाबू के द्वारा ही किया जा रहा है।

### 31 अगस्त से देंगे धरना

शासन प्रशासन की इस गतिविधियों से हताश होकर शिक्षकों ने पुन: 25 अगस्त को बीईओ नैनपुर को पत्र देकर 31 अगस्त से शाम 4 बजे से 6 तक बीईओ कार्यालय के विरोध में धरना प्रदर्शन शुरू करने की चेतावनी दी। संयुक्त मोर्चा के संयोजक संजीव सोनी ने बताया कि वर्षों से एक ही कार्यालय में जमे बीईओ कार्यालय के बाबुओं में शासन प्रशासन का कोई खौफ नहीं बचा है।

# नशामुक्ति केंद्र में जागरूकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**नवभारत, बालाघाट।** दीप ज्योति नशा मुक्ति केंद्र बालाघाट में कल दिनांक 25 अगस्त को समग्र लेप्रा परियोजना के अंतर्गत स्वास्थ्य जागरूकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर श्री योगेंद्र टेंभरे (प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर), समग्र लेप्रा परियोजना द्वारा डॉ. प्रियवत सोनकर (डीटीओ/नोडल अधिकारी) के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।




शिविर के दौरान उपस्थित सभी मरीजों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनके नशे के प्रकार एवं नशे से संबंधित जानकारी ली गई। मरीजों को नशे से दूर रहने, नशे के दुष्प्रभावों से बचने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन एवं जागरूकता प्रदान की गई।

इस दौरान मरीजों को एचआईवी संक्रमण फैलने के प्रमुख चार कारणों, एचआईवी से बचाव के उपाय एवं सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही टीबी (क्षय रोग) के प्रभाव, संभावित दुष्परिणाम, लक्षण एवं संक्रमण से बचाव के उपायों के संबंध में भी स्वास्थ्य संबंधी मार्गदर्शन दिया गया।

# स्वास्थ्य और महिला विभाग की लापरवाही से बच्चों की मौत

**नवभारत, बैहर।** बेहर क्षेत्र में आदिवासी बच्चों की मौतों का आकड़ा लगातार बढ़ रहा है, लेकिन प्रशासन अब भी सिर्फ 8 मौतों का आंकड़ा बता रहा है। जमीनी स्तर पर यह संख्या लगभग 25 पहुंच चुकी है ।

उपरोक्त बाते एक प्रेस वार्ता में बैहर के विधायक संजय उइके ने कही । उन्होंने प्रेस को आगे बताया कि बच्चों की आकाल ओर आकस्मिक मौत का मूल कारण मलेरिया विरोधी छिड़काव का न होना , दवाओं का वितरण न होना बच्चों का पर्याप्त टीकाकरण न होना गंभीर कारणों के रूप में सामने आए हैं। कुपोषित बच्चों की कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता के कारण संक्रमण का असर और अधिक गंभीर हुआ।



सबसे गंभीर सवाल पूरक पोषण आहार को लेकर है।0 से 3 वर्ष तक के बच्चों को घर-घर मिलने वाला टेक-होम राशन बच्चों के पोषण के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। विधानसभा में सामने आई ष्ट्वत्र रिपोर्ट के अनुसार मध्यप्रदेश में पूरक पोषण आहार की गुणवत्ता को लेकर गंभीर कमियां पाई गई थीं। इसके बाद अप्रैल से पूरे प्रदेश में पूरक पोषण आहार केवितरण को लेकर भी सवाल खड़े हुए हैं ।जब बच्चों को पर्याप्त पोषण नहीं मिलेगा, उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होगी।

## 1501वां जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर्व आज

**नवभारत, बालाघाट।** पैग़ंबरे इस्लाम हज़रत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश पर मनाया जाने वाला पर्व, जश्ने ईद मिलादुन्नबी बुधवार को जिला मुख्यालय सहित देश व पूरी दुनिया हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा ।जहां दिन भर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन होंगे। मुस्लिम धर्मावलंबियों के सबसे बड़े पर्व को लेकर नगर में तमाम तरह की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है ।आखरी पैगंबर मोहम्मद साहब की 1501 वी, यौमे पैदाईश पर मनाए जाने वाले इस पर्व पर हर साल की तरह इस साल भी नगर में जुलूस ए मोहम्मदी पूरी शानो शौकत के साथ निकाला जाएगा ।जहां नगर की तमाम मस्जिदों, मदरसों सहित अन्य इबादतगाहो को दुल्हन की तरह सजाया गया है इसके अलावा मुस्लिम बाहुल्य इलाकों के विभिन्न चौक चौराहों और मार्गों में विशेष लाइटिंग लगाकर आकर्षक रोशनी लगाई गई है।

## अच्छे दिन आने वाले हैं कहकर भाजपा ने धोखा दिया : विनय

**जबलपुर।** नगर कांग्रेस जनों ने जनता के बीच जनजागरण करने और महंगाई का मुखर विरोध करने का फैसला किया है। जिसके तहत आज मंगलवार की दोपहर 2 बजे कांग्रेसजन छोटा फुहारा मिलोनीगंज में एकत्र होंगे और वहाँ से लार्डगंज चौक तक पदयात्रा निकालेंगे। इस संबंध में उत्तरमध्य क्षेत्र के पूर्व विधायक विनय सक्सेना ने बताया कि अच्छे दिन आने वाले हैं यह कहकर भाजपा सरकार ने जनता को साफ साफ धोखा दिया है। इस बेरहम और बेतहाशा महंगाई के भारी बोझ से आज हर घर का बजट बिगड़ा हुआ है।


**टेंडर नोटिस** - NIT नंबर: RFQ नंबर: 2043/2026/ICT/Kirnapur दिनांक: 20-08-2026

**"निविदा"**

स्वर्गीय दिलीप भटेरे गवर्नमेंट कॉलेज किरनापुर, जिला बालाघाट, पिन-481115, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश, महाविद्यालय के लिए ICT उपकरणों की खरीद सप्लाई, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग और कमीशनिंग (टर्नकी आधार पर) के लिए बोली (बिड) आमंत्रित करती है। इच्छुक बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे 24/08/2026 से बोली की जानकारी के लिए mptender.gov.in ( टेंडर id 2026_HED_531867_1) ई-पोर्टल देखें। जमा करने की अंतिम तिथि 14/09/2026 शाम 5-PM तक है।


मंजूरी ▶ सांसद भारती पारधी के निरंतर प्रयासों से क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग को मिली निर्णायक मंजूरी

# बालाघाट-सिवनी फोरलेन को 3,458 करोड़ की मंजूरी

**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की जनता के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित बालाघाट-सिवनी फोरलेन सड़क निर्माण परियोजना को बड़ी सफलता मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लगभग 91.64 किलोमीटर लंबे बालाघाट-सिवनी मार्ग को फोरलेन हाईवे के रूप में विकसित करने के लिए ?3,458 करोड़ की अनुमानित लागत को मंजूरी प्रदान की गई है। इस ऐतिहासिक निर्णय से बालाघाट और सिवनी सहित आसपास के क्षेत्रों में खुशी की लहर है।



इस महत्वपूर्ण परियोजना की स्वीकृति में बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी के निरंतर प्रयासों और प्रभावी पहल का महत्वपूर्ण योगदान माना जा रहा है। सांसद श्रीमती पारधी ने क्षेत्र की इस वर्षों पुरानी मांग को लगातार शासन के समक्ष प्रमुखता से उठाया और इसके शीघ्र निराकरण के लिए केंद्र एवं राज्य स्तर पर निरंतर प्रयास किए। दिल्ली से लेकर भोपाल तक उन्होंने इस परियोजना की आवश्यकता और क्षेत्र के विकास में इसके महत्व को मजबूती से रखा। उनके इन निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप अब इस बहुप्रतीक्षित परियोजना को कैबिनेट की निर्णायक मंजूरी मिल सकी है।

फोरलेन सड़क के निर्माण से बालाघाट और सिवनी के बीच आवागमन अधिक सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक होने की उम्मीद है। वर्तमान में जहां इस मार्ग पर यात्रा में लगभग 2 से 3 घंटे तक का समय लग जाता है, वहीं फोरलेन निर्माण के बाद यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी आने की संभावना है। इससे दोनों जिलों के बीच आवागमन के साथ ही महाराष्ट्र तथा आसपास के अन्य क्षेत्रों से कनेक्टिविटी भी मजबूत होगी।

### व्यापार, कृषि और उद्योग को मिलेगा बढ़ावा

बालाघाट-सिवनी फोरलेन केवल आवागमन की सुविधा बढ़ाने वाली परियोजना नहीं है, बल्कि इसे क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बेहतर सड़क कनेक्टिविटी से कृषि उपज के परिवहन, व्यापारिक गतिविधियों, उद्योगों और स्थानीय व्यवसायों को गति मिलने की उम्मीद है। इससे रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों के नए अवसर भी विकसित हो सकते हैं।

## श्रीराम मंदिर के सामने कांवड़ियों का स्वागत, बोल बम के जयकारों से गूंजा परसवाड़ा

**नवभारत, परसवाड़ा।** सावन के पवित्र माह के अंतिम सोमवार को परसवाड़ा में आस्था और सेवा का संगम देखने को मिला। शिव मंदिर चीनीटोला के जलकुंड से पवित्र जल लेकर सावरझोड़ी शिवधाम के लिए निकली बोल बम समिति की कांवड़ यात्रा सुबह करीब 11 बजे परसवाड़ा पहुंची। सैकड़ों शिवभक्तों की इस यात्रा के दौरान पूरा मार्ग बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजता रहा। नाचते-गाते और भोलेनाथ की भक्ति में झूमते कांवड़ियों का श्रीराम मंदिर प्रांगण के सामने वर्किंग जर्नलिस्ट ऑर्गेनाइजेशन पत्रकार संघ, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं ग्रामीणों ने स्वागत किया। कांवड़ यात्रा चीनीटोला से जल लेकर परसवाड़ा, बिजाटोला, डोंगरिया कटंगा और कोसमी होते हुए सावरझोड़ी के शिव मंदिर पहुंची, जहां शिवभक्तों ने भगवान भोलेनाथ को पवित्र जल अर्पित किया।


**कार्यालय, प्राचार्य शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय, बालाघाट (म.प्र.)**

दूरभाष/ फैक्स क्रमांक : 07632-239167,

ईमेल : girlscollegebgt@gmail.com

NAAC ACCREDITED - "B" GRADE

क्रमांक / 767/26 बालाघाट, दिनांक :- 25/08/2026

महाविद्यालय में Interactive Panels with CPU (Q2), GEM Portal के माध्यम से क्रय किया जाना है। इस हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है -

| Bid No and Date | Bid End Date |
| --- | --- |
| GEM/2026/B/7948961 | 19/09/2026 |

निविदा की शर्तों आदि कि विस्तृत जानकारी GEM Portal पर ऑनलाईन देखी जा सकती है।

**प्राचार्य**
**शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय बालाघाट (म.प्र.)**